तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# कांकेर भूमि

रायपुर, बुधवार 17 जून 2026



16 किसानों को जैविक खेती अपनाने मंत्री जायसवाल...



16 सौर सुजला योजना से बदली किसान की तस्वीर...






## खबर संक्षेप




### तीन कोचियों से 19 लीटर महुआ शराब जब्त

**कांकेर।** थाना कांकेर और पखांपुर पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए तीन शराब कोचियों को दबोचा। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 15 जून को आरोपी मनकेशरी निवासी 29 वर्षीय चंद्रहास मंडावी पिता स्व. खेदूराम के कब्जे से 10 लीटर महुआ शराब और नगद 100 रुपए, टिकरापारा कांकेर निवासी 28 वर्षीय अभय ठाकुर पिता प्रकाश के कब्जे से 6 लीटर महुआ शराब और नगद 100 रुपए तथा पखांजुर पुलिस ने आरोपी पीव्ही 46 गांधीनगर निवासी बंकिमराय पिता सुभाष के कब्जे से 14 जून को 3 लीटर महुआ शराब को जब्त किया। आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### जनपद निधि से ग्राम चवेला-तुड़गे हुए रोशन



**भानुप्रतापपुर।** जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 9 गिरजा देवी साहू द्वारा जनपद निधि से ग्राम चवेला व तुड़गे में 50 नग स्ट्रीट गली लाइट का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर ग्राम सरपंच जगजीत नागेश, उपसरपंच खेमीन बंजारे, वरिष्ठ नागरिक नारद यादव, संबलपुर उपसरपंच गौरव चोपड़ा सहित अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहें। इस अवसर पर जनपद सदस्य ने अपनी निधि से ग्राम चवेला और तुड़गे में अपनी निधि से 2 नग बोर खनन के लिए व पुराने पंचायत भवन चबेला के जीर्णोद्धार के लिए 70 हजार रुपए देने की घोषणा किया।

### फांसी लगाकर दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत श्रीरामनगर कांकेर निवासी 55 वर्षीय साफिक खान पिता स्व. जमाल खान ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतक के परिजन ने पुलिस को बताया कि मृतक ने 15 जून को फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। आत्महत्या के कारणों का फिलहाल पता नही चल पाया है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### गमछा से लगाई फांसी, हुई मौत

**कांकेर।** रावघाट थानांतर्गत तालबेड़ा निवासी 16 वर्षीय विद्याधर गावड़े पिता पीताम्बर ने फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक के परिजन ने पुलिस को बताया कि मृतक ने 14 जून को अपने घर के कमरा में गमछा का फंदा बनकार फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### सर्पदंश से बच्ची की मौत

**कांकेर।** ताड़ोकी थानांतर्गत सरण्डी के तीन वर्षीय बच्ची को साप ने काट लिया जिसके कारण उसकी मौत हो गई। मृतक के परिजन ने पुलिस को बताया कि निशिता ध्रुव पिता गजेंद्र ध्रुव को साप ने काट लिया था। जहर पूरे शरीर में फैल जाने से उसकी 22 मई को मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### जिले में मत्स्याखेट 15 अगस्त तक पूर्णतः निषिद्ध

**कांकेर।** वर्षा ऋतु में मछलियों की वंश वृद्धि प्रजनन के दृष्टिकोण से उन्हें संरक्षण देने के लिए 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि को 'बंद ऋतु' क्लोज सीजन घोषित किया गया है। मछली पालन विभाग के सहायक संचालक ने बताया कि जिले के ऐसे सभी तालाबों एवं जल स्त्रोतों में जिनका संबंध नदी-नालों से नहीं है, के अतिरिक्त जलाशयों में किए जा रहे केज कल्चर को छोड़कर, सभी प्रकार के जल संसाधनों में 15 अगस्त 2026 तक मत्स्याखेट कार्य पूर्णतः निषिद्ध रहेगा।

# मेडिकल कालेज अस्पताल की बदहाल व्यवस्था पर कांग्रेस का हल्ला बोल

*मेडिकल कालेज के अस्पताल में लंबे समय से चली आ रही स्वास्थ्य सेवाओं की अव्यवस्था और संसाधनों की कमी को लेकर कांग्रेस ने सरकार का ध्यान आकर्षित किया है। मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग करते हुए जिला कांग्रेस कमेटीने कांकेर प्रवास पर पहुँचे स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को ज्ञापन सौंपकर अस्पताल की विभिन्न समस्याओं के त्वरित निराकरण की मांग किया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि जिला अस्पताल में मूलभूत सुविधाओं और आवश्यक चिकित्सा उपकरणों के अभाव में मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कांग्रेसियों के द्वारा सौपे गए ज्ञापन के उपरांत कांग्रेसियों ने बताया कि एक वर्ष से बंद पड़ी एमआरआई मशीन को तत्काल चालू करने की मांग की गई है। कांग्रेस का कहना है कि एमआरआई सुविधा बंद होने के कारण मरीजों को निजी संस्थानों का सहारा लेना पड़ता है, जिससे उन पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। इसके अलावा डायलिसिस मशीनों की संख्या बढ़ाने, डेंटल विभाग की एक्सरे मशीन तथा फिजियोथेरेपी विभाग की खराब मशीनों की मरम्मत कराने की मांग भी उठाई गई है। कांग्रेस नेताओं ने रेडियोलॉजी विभाग की जांच रिपोर्ट समय पर उपलब्ध कराने, ओपीडी में चिकित्सकों की नियमित एवं समयबद्ध उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा मरीजों एवं उनके परिजनों के लिए शुद्ध पेयजल और अस्पताल परिसर में बेहतर साफ-सफाई व्यवस्था करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

**समस्याओं को लेकर मंत्री को ज्ञापन**



» कांग्रेसियों ने स्वास्थ्य मंत्री को

» सौंपा ज्ञापन

**ये रहे उपस्थित**

*इस दौरान कांग्रेस की ओर से प्रशासन महामंत्री उदय प्रकाश शर्मा बंटी, कांकेर ब्लॉक अध्यक्ष यासीन करानी, कांग्रेसी पार्षद अजय सिंह रेनू, खोमेद्र उइके, सुमित राय सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।*

**मंत्री ने कांग्रेसियों को 1 सप्ताह का दिया समय**

*कांग्रेस ने कहा कि ये सभी मांगें सीधे तौर पर जनहित से जुड़ी हुई हैं और जिला अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं को प्रभावी एवं जनोन्मुखी बनाने के लिए इन पर शीघ्र कार्रवाई आवश्यक है। ज्ञापन पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने सकारात्मक आश्वासन देते हुए कहा कि एक सप्ताह के भीतर मांगों के निराकरण की दिशा में आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।*

## नवप्रवेशी व पुराने बच्चों का हुआ स्वागत

# पीएमश्री आत्मानंद विद्यालय में मना शाला प्रवेश उत्सव

*पीएमश्री शासकीय स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय दुर्गुकोंदल में मंगलवार को नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 के शुभारंभ अवसर पर शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान नवप्रवेशी एवं पुराने विद्यार्थियों का आत्मीय स्वागत किया गया।*



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य अजय नेताम, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अशोक जैन तथा विद्यालय के समस्त शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं मुंह मीठा कर स्वागत किया। विद्यालय पहुंचने वाले बच्चों के चेहरे पर नए सत्र की खुशी और उत्साह साफ दिखाई दे रहा था। स्वागत समारोह ने विद्यालय में सकारात्मक एवं प्रेरणादायक माहौल का निर्माण किया। इस अवसर पर प्राचार्य अजय नेताम ने विद्यार्थियों को नए शैक्षणिक सत्र की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षा ही जीवन में सफलता का सबसे मजबूत आधार है। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं से नियमित रूप से विद्यालय आने, अनुशासन का पालन करने तथा मन लगाकर अध्ययन करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय में उपलब्ध सभी शैक्षणिक सुविधाओं का लाभ उठाकर विद्यार्थी अपने उज्ज्वल भविष्य का निर्माण कर सकते हैं। प्राचार्य ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि समय का सदुपयोग, नियमित अध्ययन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का पालन सफलता की कुंजी है। उन्होंने विद्यार्थियों से शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियों में भी सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। शाला प्रवेश उत्सव के दौरान विद्यालय परिवार द्वारा बच्चों के लिए विशेष स्वागत व्यवस्था की गई थी।

▶▶| शेष पेज 16 पर

कांकेर

### प्रवेश उत्सव में विद्यार्थियों के स्वागत साथ न्योता भोजन का आयोजन



*उच्च प्राथमिक अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जवाहर वार्ड में मंगलवार को नए शिक्षा सत्र 2026-27 के शुभारंभ अवसर पर शाला प्रवेश उत्सव उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। इस दौरान विद्यालय में प्रवेश लेने वाले नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया तथा उन्हें पुस्तकें एवं गणवेश वितरित किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित खंड शिक्षा अधिकारी केआर सिन्हा ने विद्यार्थियों को नए शिक्षा सत्र की शुभकामनाएं देते हुए नियमित अध्ययन, अनुशासन और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर खंड स्रोत समन्वयक खुशाल गजबिए ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया और उन्हें शिक्षा के प्रति समर्पित रहने तथा विद्यालय की गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के उपरांत विद्यार्थियों के लिए न्योता भोजन का आयोजन किया गया, जिसमें पुड़ी-सब्जी, फल एवं मिठाइयां परोसी गईं। बच्चों ने उत्साहपूर्वक भोजन ग्रहण किया और नए सत्र के प्रति खुशी व्यक्त की। इस अवसर पर अमित राठौर, राजेश कुमार मंडावी, सुलोचना जैन, ओशिम, फनेश्वरी सिन्हा, गिरीश साहू सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।*

कोरर

### सरस्वती शिशु मंदिर में हर्षोल्लास के साथ मनाया शाला प्रवेश उत्सव



*सरस्वती शिशु मंदिर में नए शिक्षा सत्र के शुभारंभ पर शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर एवं चॉकलेट खिलाकर आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य हेमराज राठौर ने सभी नवप्रवेशी बच्चों को स्लेट, पहाड़ा पुस्तक एवं पेंसिल भेंट कर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे देश और समाज के भविष्य हैं, इसलिए उनकी शिक्षा और संस्कारों के प्रति सभी को सजग रहना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित विद्यालय आने और मन लगाकर अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष एवं कोकानपुर ग्राम पटेल माखन सिंह मंडावी ने विद्यालय के प्रार्थना कक्ष के लिए कारपेट प्रदान किया। उन्होंने कहा कि बेहतर सुविधाएं मिलने से बच्चों की पढ़ाई में रुचि और उपस्थिति दोनों बढ़ेंगी। विद्यालय के प्रधानाचार्य योगेश्वर जैन ने सभी अतिथियों एवं सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य, पालकगण तथा आचार्य देवप्रसाद यदु, योगेश्वरी कोसमा, अनुसुईया नेताम, युरानी सिन्हा और अंजली ठाकुर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुनील दास ने किया।*

## बिजली दरों में बढ़ोतरी आम जनता और मध्यम वर्ग पर आर्थिक बोझ : सावित्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा बिजली दरों में की गई बढ़ोतरी का कड़ा विरोध करते हुए इसे आम जनता, मध्यम वर्ग और छोटे व्यापारियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालने वाला निर्णय बताया है। उन्होंने कहा कि बढ़ती महंगाई के बीच बिजली की कीमतों में वृद्धि से आम नागरिकों की परेशानियां और बढ़ जाएंगी। विधायक सावित्री मंडावी ने जारी बयान में कहा कि राज्य में घरेलू उपभोक्ताओं के लिए बिजली दरों में 30 से 50 पैसे प्रति यूनिट तक की वृद्धि की गई है, जबकि छोटी दुकानों एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के लिए बिजली 20 से 40 पैसे प्रति यूनिट महंगी कर दी गई है। सभी श्रेणियों को मिलाकर बिजली दरों में लगभग 6.23 प्रतिशत की वृद्धि की गई है, जो आगामी 1 जुलाई से लागू होगी।



इससे घरेलू एवं व्यावसायिक दोनों प्रकार के उपभोक्ताओं पर सीधा प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में खाद्य सामग्री, रसोई गैस, ईंधन और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतें पहले ही लगातार बढ़ रही हैं। ऐसे में बिजली दरों में वृद्धि आम लोगों के लिए एक और आर्थिक झटका साबित होगी। मध्यम वर्गीय परिवार, जो सीमित आय में अपने घर का खर्च चलाते हैं, उन्हें बढ़े हुए बिजली बिलों के कारण अतिरिक्त आर्थिक दबाव का सामना करना पड़ेगा। विधायक ने कहा कि छोटे दुकानदारों, व्यापारियों और लघु उद्योगों पर भी इसका प्रतिकूल असर पड़ेगा। बिजली महंगी होने से उनके संचालन खर्च में वृद्धि होगी, जिससे उनके मुनाफे में कमी आएगी।

▶▶| शेष पेज 16 पर

## मारपीट कर जान से मारने की दी धमकी

# जमीन विवाद ने लिया हिंसक रूप, युवक की जमकर पिटाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कोरर थाना क्षेत्र के ग्राम चिल्हाटी नयापारा में जमीन संबंधी विवाद के दौरान एक व्यक्ति के साथ कथित रूप से मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम चिल्हाटी नयापारा निवासी बाबूलाल नेताम ने थाना कोरर में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में उन्होंने गांव के ही नीरज कांगे एवं सुशीला कांगे पर गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है।

शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि 15 जून की सुबह करीब साढ़े 8 बजे नीरज कांगे और सुशीला कांगे उसकी जमीन पर पत्थर डाल



रहे थे, जब उसने इस कार्य का विरोध किया और जमीन पर सामग्री डालने से मना किया, तब दोनों आरोपी कथित रूप से आक्रोशित हो गए। शिकायत के अनुसार आरोपियों ने पहले गाली-गलौज करते हुए विवाद शुरू किया और बाद में जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद छेना लकड़ी से बाबूलाल नेताम के साथ मारपीट की गई। घटना में उसके सिर, बाएं हाथ तथा बाएं पैर की जांघ में चोटें आई हैं। मारपीट के बाद पीड़ित ने थाना पहुंचकर पूरे मामले की शिकायत दर्ज कराई।

▶▶| शेष पेज 16 पर



### भारी वाहनों पर रोक लगाने की मांग पर सौंपा ज्ञापन

**पखांजूर।** महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले स्थित सूरजागढ़ खदान से निकाले जा रहे खनिज पदार्थों के परिवहन को लेकर पखांजूर क्षेत्र में विरोध तेज हो गया है। युवा कांग्रेस अंतागढ़ विधानसभा अध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पखांजूर को ज्ञापन सौंपकर नगर एवं आबादी क्षेत्रों से गुजर रहे भारी खनिज परिवहन वाहनों पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि सूरजागढ़ खदान से निकाले गए खनिज पदार्थों को जरावंडी में डंप करने के बाद बिना आवश्यक अनुमति के छत्तीसगढ़ के परलकोट क्षेत्र के मरोड़ा मार्ग से पखांजूर नगर एवं अन्य आबादी क्षेत्रों के बीच से रायपुर की ओर परिवहन किया जा रहा है। लगातार भारी वाहनों की आवाजाही से सड़कों को नुकसान पहुंच रहा है तथा दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ गई है।

▶▶| शेष पेज 16 पर

# शराब के नशे में दोस्ती बनी दुश्मनी, युवक से मारपीट, पुलिस ने दर्ज किया मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कोंडागांव जाने के दौरान दो दोस्तों के बीच हुआ विवाद मारपीट तक पहुंच गया। शराब सेवन के बाद शुरू हुई कहासुनी इतनी बढ़ गई कि एक युवक ने अपने ही साथी के साथ मारपीट कर दी। घटना में युवक को आंख और गर्दन में चोटें आई हैं। पीड़ित की शिकायत पर कांकेर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कांकेर थाना में शिकायत करने पहुँचें भिलाई निवासी युवक दीपक सिंह ने पुलिस को बताया कि मैं भिलाई में सेक्टर-6 स्थित सांई मंदिर के सामने फूलों की दुकान



चलाता हूँ। शिकायत दर्ज कराई है। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह अपने मित्र धनंजय राय उर्फ मोनू के साथ 6 जून को कार्यालयीन कार्य से कोंडागांव जाने के लिए मोटरसाइकिल से निकला था।दोनों शाम करीब साढ़े चार बजे भिलाई से रवाना हुए और रात में कांकेर पहुंचे। कांकेर पहुंचने के बाद दोनों ने भोजन किया। इसके पश्चात शासकीय अस्पताल और थाना कांकेर के बीच स्थित सड़क किनारे बैठकर शराब का सेवन किया। इसी दौरान किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया। शिकायतकर्ता के अनुसार विवाद के दौरान धनंजय राय गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और हाथ-मुक्कों से मारपीट शुरू कर दिया। मारपीट में उसे दाहिनी आंख, आंख के ऊपर भौंह तथा गर्दन के बाईं ओर चोटें आईं। घटना के दौरान उसका चांदी का ब्रेसलेट भी कहीं गिर गया। मारपीट की घटना के समय मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई थी। उपस्थित लोगों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही कांकेर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को थाना लेकर गई।

▶▶| शेष पेज 16 पर

## ग्रामीणों ने एसडीएम से की जांच और कार्रवाई की मांग

# शासकीय भूमि पर कोटवार के कथित अतिक्रमण का मामला गरमाया

*ग्राम पंचायत तेलावट में शासकीय भूमि पर कथित अवैध अतिक्रमण का मामला सामने आने के बाद ग्रामीणों और पंचायत प्रतिनिधियों ने प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग की है। ग्रामीणों ने एसडीएम को आवेदन सौंपकर आरोप लगाया है कि ग्राम के कोटवार द्वारा शासकीय भूमि पर कब्जा किया गया है। मामले को लेकर ग्राम सभा में चर्चा के बाद सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया और प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की गई है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

ग्रामीणों द्वारा प्रस्तुत आवेदन में उल्लेख किया गया है कि ग्राम के कोटवार महावीर शीतल पिता भैयालाल शीतल पर शासकीय भूमि पर कथित रूप से अवैध कब्जा करने का आरोप है। ग्रामीणों का कहना है कि इस भूमि के संबंध में ग्राम सभा, ग्राम पंचायत तथा आम ग्रामीणों को पूर्व में किसी प्रकार की जानकारी नहीं थी। भूमि विवाद की जानकारी उस समय सामने आई जब पड़ोसी कृषक धनसिंग गढ़िया एवं उनके भाइयों के बीच भूमि बंटवारे के मामले में पंचायत पदाधिकारियों और ग्रामीणों को बुलाया गया था। मामले की जानकारी मिलने के बाद 8 अप्रैल 2026 को ग्राम सभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कोटवार महावीर शीतल से संबंधित भूमि के दस्तावेज और स्वामित्व संबंधी जानकारी मांगी गई, लेकिन ग्रामीणों के अनुसार उस समय कोई संतोषजनक प्रमाण प्रस्तुत नहीं किया गया। इसके बाद ग्राम सभा द्वारा उन्हें आवश्यक



दस्तावेज उपलब्ध कराने के लिए समय दिया गया। पुनः 13 जून को आयोजित ग्राम सभा की बैठक में इस विषय पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक के दौरान महावीर शीतल ने उक्त भूमि पर अपने नाम का पट्टा होने का दावा किया, लेकिन ग्रामीणों और पंचायत प्रतिनिधियों का कहना है कि इस संबंध में ग्राम पंचायत या ग्राम सभा को कोई आधिकारिक जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई है। ग्रामीणों ने उनसे भूमि खाली करने का अनुरोध भी किया, किंतु उन्होंने कथित रूप से ऐसा करने से इंकार कर दिया।

▶▶| शेष पेज 16 पर

**मामले की जाँच की माँग किया**

*आवेदन में यह भी आरोप लगाया गया है कि कोटवार द्वारा अपने दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरती गई तथा भूमि संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी पंचायत को उपलब्ध नहीं कराई गई। ग्राम सभा में चर्चा के बाद सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर प्रशासन से मामले की जांच कराने, शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने तथा उसे पुनः शासन के अभिलेखों में दर्ज कर सार्वजनिक उपयोग के लिए सुरक्षित रखने की मांग की गई है।*

## महिलाओं ने लिया समाज जागरण का संकल्प



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंतागढ़

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में संचालित नारी जागरण अभियान के अंतर्गत सोमवार को प्रज्ञा मंडल मंगतासालेभाट में एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय नारी जागरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र की 57 महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए समाज जागरण, संस्कार संवर्धन एवं महिला सशक्तिकरण के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन, वैदिक मंगलाचरण एवं गायत्री मंत्र के साथ हुआ। जिला टोली की नायक चित्रांगदा दर्रो के नेतृत्व में दीपा सलाम, डुमेश्वरी महावीर, संजना पटेल एवं अंजलि कुंजाम ने नारी जागरण अभियान की आवश्यकता और महत्व पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि नारी केवल परिवार की शक्ति नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। महिलाओं को शिक्षित, आत्मनिर्भर और जागरूक बनाकर ही सशक्त समाज का निर्माण संभव है।

▶▶| शेष पेज 16 पर

# सहकारिता मंत्री ने जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की नई शाखा का किया लोकार्पण

## किसानों, महिला समूहों और ग्रामीण हितग्राहियों को अब मिलेगी बैंकिंग एवं कृषि ऋण की बेहतर सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

परिवहन, सहकारिता एवं संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप ने आज नारायणपुर जिले को सहकारिता के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण सौगात देते हुए जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की नवीन शाखा भवन का लोकार्पण किया। लगभग 36 लाख रुपये की लागत से निर्मित इस आधुनिक भवन के प्रारंभ होने से जिले के किसानों, महिला स्व-सहायता समूहों, ग्रामीण उद्यमियों एवं आम नागरिकों को बैंकिंग सेवाओं का लाभ और अधिक सुगमता से प्राप्त होगा।

लोकार्पण समारोह में मंत्री केदार कश्यप ने अनावरण कर भवन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सहकारी बैंक ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। राज्य सरकार सहकारिता को मजबूत कर ग्रामीण क्षेत्रों तक वित्तीय सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि नवीन शाखा के प्रारंभ होने से किसानों को कृषि ऋण, किसान क्रेडिट कार्ड, पशुपालन एवं स्वरोजगार संबंधी ऋण योजनाओं का लाभ अधिक सरलता और पारदर्शिता के साथ मिलेगा। अब ग्रामीणों को बैंकिंग कार्यों के लिए दूर-दराज के क्षेत्रों में नहीं जाना पड़ेगा, जिससे समय और संसाधनों दोनों की बचत होगी। मंत्री कश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने और सहकारिता आंदोलन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बैंक परिसर में नोडल कार्यालय भवन, बैठक हॉल में शेड निर्माण एवं शौचालय निर्माण की घोषणा भी की।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य लघुवनोपज सहकारी संघ के अध्यक्ष रूपसाय सलाम, जिला पंचायत अध्यक्ष नारायण मरकाम, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष इंद्र प्रसाद बघेल, जनप्रतिनिधिगण, पार्षदगण, जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत सदस्य, कलेक्टर नम्रता जैन, पुलिस अधीक्षक रॉबिनसन, जिला पंचायत सीईओ आकांक्षा शिक्षा खलखो, जिला स्तरीय अधिकारी तथा बड़ी संख्या में किसान एवं नागरिक उपस्थित थे।



### किसानों को क्रेडिट कार्ड व बीज का वितरण

इस अवसर पर 15 किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड एवं बीज का वितरण किया गया। कार्यक्रम को पूर्व सांसद एवं जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष दिनेश कश्यप तथा उपाध्यक्ष श्रीनिवास मिश्रा ने भी संबोधित किया। बैंक अधिकारियों ने बताया कि नवीन शाखा में ग्राहकों की सुविधा के लिए आधुनिक बैंकिंग व्यवस्थाएं विकसित की गई हैं, जिनमें डिजिटल बैंकिंग सेवाएं, सुव्यवस्थित काउंटर एवं पारदर्शी लेन-देन प्रणाली शामिल है। इससे ग्राहकों को तेज, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्राप्त होंगी।

## खबर संक्षेप

### धनोरा थाना क्षेत्र के ग्राम चेरबेड़ा में लगायी चौपाल



**धनोरा।** पुलिस अधीक्षक पंकज चन्द्रा के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कपिल चंद्रा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस केशकाल अरुण कुमार नेताम के पर्यवेक्षण में ग्राम चेरबेड़ा में 16 जून को पुलिस विभाग द्वारा सहयोग चौपाल लगायी गयी। ग्राम चेरबेड़ा में ईसाई धर्म मानने वालों एवं ग्रामीणों के बीच चर्च में प्रार्थना करने बाहर गांव से आते थे जिसे गांव वाले द्वारा मना किया गया। जिसे ईसाई धर्म को मानने वाले लोगों के द्वारा गांव के लोगों की बात को मानते हुए अपने अपने गांव में प्रार्थना करना एवं दूसरे गांव के कोई प्रार्थना करने नहीं आएंगे।

### घायल बच्चे की हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत मनकेशरी निवासी 10 वर्षीय विवेक पटेल पिता रंजीत सड़क दुर्घटना में 25 जनवरी को गंभीर रूप से घायल हुआ था, जिसके कारण उसकी मौत हो गई। रायपुर के अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक को गंभीर चोट आने की वजह से अस्पताल में भर्ती किया गया था। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

## जैविक खेती मिशन योजना अंतर्गत जिला स्तरीय किसान मेले का आयोजन

# किसानों को जैविक खेती अपनाने मंत्री जायसवाल ने किया प्रेरित

*जैविक खेती मिशन योजना के अंतर्गत जिले में जिला स्तरीय किसान मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल शामिल हुए। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के आव्हान पर जैविक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किसान मेले का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांकेर जिले के किसान धान के साथ-साथ सब्जी, दलहन एवं तिलहन फसलों का भी उत्पादन करते हैं।*



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने जिला स्तरीय किसान सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा की वर्तमान समय में खेती को किसान व्यवसाय के रूप में अपना रहे हैं और अधिक उत्पादन के लिए रासायनिक उर्वरकों का अत्यधिक उपयोग किया जा रहा है, जिसके कारण मिट्टी की उर्वरक क्षमता प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि हमें अब जैविक खेती की ओर आगे बढ़ना होगा। इसकी शुरुआत छोटे स्तर से करते हुए धीरे-धीरे इसे व्यापक रूप से अपनाने की आवश्यकता है। किसी भी बड़े बदलाव की शुरुआत गांवों से ही होती है, इसलिए किसानों को जैविक खेती के प्रति जागरूक होकर आगे आना चाहिए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि किसान प्रत्येक वर्ष खेती के नए तरीकों को सीखते और अपनाते हैं। किसानों को मिट्टी की गुणवत्ता बनाए रखने के साथ-साथ अपनी आय बढ़ाने के लिए विभिन्न नवाचारों को अपनाना चाहिए। वैश्विक स्तर पर रासायनिक उर्वरकों की उपलब्धता में कमी को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा किसानों को पारंपरिक एवं जैविक खेती के लिए प्रेरित किया जा रहा है। किसानों की आय दोगुनी करने के उद्देश्य से शासन द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी किसानों तक लगातार पहुंचाई जा रही है। कार्यक्रम को भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष आलोक ठाकुर एवं भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन ने भी संबोधित किया।

### उत्कृष्ट कार्य के लिए शॉल एवं नारियल का पौधा किया भेंट

*जिला स्तरीय किसान मेले में स्वास्थ्य मंत्री द्वारा 05 कृषकों को चिरईनखी धान बीज का वितरण किया गया और साथ ही बिलासपुर, धमतरी एवं कांकेर जिले के विभिन्न विकासखंडों से पहुंचे 10 प्रगतिशील कृषकों को जैविक खेती, दलहन-तिलहन उत्पादन, जल संरक्षण एवं पशुपालन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए शॉल एवं नारियल का पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि चिरईनखी धान कांकेर जिले का स्थानीय किस्म है, जो अपने स्वाद एवं सुगंध के लिए जाना जाता है, जिसके संरक्षण के लिए जिला प्रशासन द्वारा प्रयास किए जा रहे है। इसका रकबा बढ़ाने तथा किस्म के संरक्षण हेतु जिला प्रशासन द्वारा इसके बीज उत्पादन के लिए कृषि विज्ञान केंद्र को अधिकृत किया गया है, इसी कड़ी में किसानों को बीज वितरित किए गए।*

### कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित

*कार्यक्रम में हस्तशिल्प विकास बोर्ड की अध्यक्ष शालिनी राजपूत, पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर, नगर पालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक, जिला पंचायत सदस्य तेजेश्वरी सिन्हा, दिलीप जायसवाल, राजीव लोचन, दीपक खटवानी, विजय मंडावी, नीलू तिवारी, टिकेंद्र प्रताप दुग्गा, राकेश शर्मा नरेंद्र नागेश, एसडीएम अरुण वर्मा, उप संचालक कृषि जितेंद्र कोमरा, कृषि विज्ञान केंद्र कांकेर के वरिष्ठ वैज्ञानिक बीरबल साहू, मत्स्य विभाग के अधिकारी एसएस कंवर सहित कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं किसान उपस्थित रहे।*

# अंतागढ़ पुलिस एवं लाइफ सेवर्स ग्रुप ने लगाया विशाल रक्तदान शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर अंतागढ़ पुलिस एवं लाइफ सेवर्स ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में नगर के सामुदायिक भवन में विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नगर अंतागढ़ सहित पूरे अनुविभाग क्षेत्र के नागरिकों, युवाओं, समाजसेवियों एवं विभिन्न संगठनों के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए रक्तदान किया। आयोजित इस शिविर में 16 जून को कुल 55 लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान कर मानव सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व का परिचय दिया। शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों के लिए पर्याप्त रक्त उपलब्ध कराना, लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक करना तथा समाज में मानव सेवा की भावना को बढ़ावा देना था। इस दौरान उपस्थित लोगों को रक्तदान के महत्व, इसके स्वास्थ्य लाभों तथा इससे जुड़ी भ्रांतियों के संबंध में भी जानकारी दी गई।

### आयोजन किए जाते रहेंगे

अंतागढ़ पुलिस ने बताया कि सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रमों, जनजागरूकता अभियानों एवं सामुदायिक पुलिसिंग गतिविधियों के माध्यम से नागरिकों को जनहित के विषयों से जोड़ने और समाज में सकारात्मक वातावरण निर्मित करने के लिए ऐसे आयोजन लगातार किए जाते रहेंगे।

## सौर सुजला योजना से बदली किसान की तस्वीर

कांकेर। जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्रों में किसानों के लिए सौर सुजला योजना किसी वरदान से कम साबित नहीं हो रही है। इस योजना के तहत किसानों को सौर ऊर्जा संचालित पंप उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे सिंचाई की सुविधा बढ़ी है और बिजली तथा लो-वोल्टेज की समस्या से राहत मिली है। भानुप्रतापपुर विकासखंड के ग्राम साल्हे निवासी किसान सुरेन्द्र कुमार उईके भी इस योजना से लाभान्वित होकर आत्मनिर्भरता की नई मिसाल पेश कर रहे हैं। वन अधिकार भूमि पर स्थापित 3 हार्स पावर के सोलर पंप की मदद से उन्होंने अपनी टिकरा भूमि को कृषि योग्य बनाया और सिंचाई सुविधा विकसित की। अब वे खरीफ फसलों के साथ रबी सीजन में चना, उड़द, मूंग और सूरजमुखी की खेती कर रहे हैं। खेती के अलावा सुरेन्द्र ने मुर्गी पालन और मछली पालन को भी आय का माध्यम बनाया है। वर्तमान में उनके पास 120 से 150 मुर्गे-मुर्गियां हैं, जिनकी बिक्री से उन्हें प्रतिमाह लगभग 15 हजार रुपये की अतिरिक्त आय होती है।



# कलेक्टर से मोबाइल नेटवर्क नलकूप खनन,आवास की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



जिला कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन के दौरान कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने जिले के विभिन्न क्षेत्रें से पहुंचे नागरिकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। समय–सीमा बैठक के बाद आयोजित जनदर्शन में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पेयजल, आवास, शिक्षा और संचार सुविधाओं से जुड़ी मांगें रखीं। जनदर्शन में ग्राम तातरी निवासी मेघनाथ पोयाम ने गांव में मोबाइल नेटवर्क की समस्या दूर करने, नलकूप हैंडपंप स्थापित करने तथा प्राथमिक शाला में बाउंड्री वॉल निर्माण की मांग रखी। वहीं ग्राम धनपुर मंजीपारा के पारे मरकाम ने पेयजल सुविधा के लिए नए हैंडपंप खनन का आवेदन दिया। ग्राम खचगांव निवासी कमला कार्रोम ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने का अनुरोध किया, जबकि कोंडागांव के महात्मा गांधी वार्ड निवासी यूनुस खान ने अपने प्रधानमंत्री आवास की अंतिम किस्त जारी कराने की मांग की। ग्राम लंजोड़ा निवासी सहिदा ने श्रमिक कार्ड के नवीनीकरण में हुई देरी के कारण रुकी प्रसूति सहायता राशि दिलाने की मांग की। वहीं डोंगरीपारा वार्ड निवासी कचरी बाई ने नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। ग्राम पंचायत कुम्हारबड़गांव के ग्रामीणों ने शासकीय हाई स्कूल को हायर सेकेंडरी में उन्नयन करने का अनुरोध किया। इसके अलावा कई ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विकास, पेयजल, शिक्षा और अन्य जनसुविधाओं से जुड़े आवेदन कलेक्टर को सौंपे।

# भीषण गर्मी में स्कूल खोलने का विरोध, शालेय शिक्षक संघ ने की तिथि बढ़ाने की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजूर

प्रदेश में भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान के बीच 16 जून से विद्यालय खोलने के राज्य सरकार के निर्णय का शालेय शिक्षक संघ कोयलीबेड़ा ने विरोध किया है। संघ का कहना है कि वर्तमान मौसम परिस्थितियों में स्कूलों का संचालन बच्चों के स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए खतरा बन सकता है। संघ के ब्लॉक अध्यक्ष गणेश दास, ब्लॉक कार्यकारी अध्यक्ष खेलुराम ध्रुव, सचिव गोविंद बघेल एवं जिला कार्यकारी अध्यक्ष रंजीत कर ने कहा कि प्रदेश के कई क्षेत्रों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक बना हुआ है। ऐसे में छोटे बच्चों को लंबी दूरी तय कर विद्यालय पहुंचना पड़ता है, जिससे उन्हें लू, डिहाइड्रेशन और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। शिक्षक संघ का कहना है कि कई विद्यालयों में अभी भी पर्याप्त पेयजल, पंखे और अन्य बुनियादी सुविधाओं की कमी है। ऐसी स्थिति में भीषण गर्मी के दौरान बच्चों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना मुश्किल होगा। संघ ने सरकार से विद्यालय खोलने की तिथि आगे बढ़ाने अथवा शुरुआती दिनों में केवल प्रातःकालीन कक्षाएं संचालित करने की मांग की है।

**सकारात्मक निर्णय नहीं होने पर करेंगे आंदोलन:** संघ ने चेतावनी दी है कि यदि बच्चों के हित में शीघ्र कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो संगठन आगे भी अपनी आवाज बुलंद करेगा और आवश्यकता पड़ने पर आंदोलनात्मक कदम उठाने पर विचार करेगा। शिक्षक संघ का कहना है कि विद्यार्थियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना

# 70 लोगों को मिला साप्ताहिक बाजार में योजना का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल



जरुरतमंद व गरीब तबके के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने राज्य सरकार के द्वारा मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना की शुरुआत की गई है। नगर में मंगलवार के साप्ताहिक बाजार मे मोबाइल मेडिकल यूनिट बस संचालित किया गया । लोगों के द्वार तक पहुंचने वाली मोबाइल मेडिकल यूनिट वाली बसें स्वयं में एक अस्पताल है। जिसमें मेडिकल स्टाफ, मेडिकल उपकरण सहित मरीजों के लिए आवश्यक सुविधाएं व निःशुल्क दवा उपलब्ध है।

इस सेवा का 60 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण व 10 मरीजों का लैब टेस्ट किया गया, वहीं सभी जांच कराने वाले मरीजों को निःशुल्क दवा का भी वितरण किया गया। आपको बता दे कि छत्तीसगढ़ सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं में लगातार बढ़ोत्तरी कर रही है, जिसके लिए आमजनों को स्वास्थ्य की जांच हेतु घर पहुंच सेवा मोबाईल मेडिकल युनिट बस की शुरूआत की गई है।

**42 प्रकार की स्वास्थ्य जांच:** जिसमें 42 प्रकार के स्वास्थ्य की जांच की जाती है। जिसमें मुख्य रूप से सी.पी.सी. मशीन से जांच, एल.एफ.टी., थायराइड, विटामिन बी-12, विटामिन डी-03, यूरिक एसिड जैसे अन्य कई प्रकार के जांच कर लोगों का घर पहुंच स्वास्थ्य सुविधाएं सरकार के द्वारा दिया जा रहा है।

### ये रहे मौजूद

इस दौरान इस मोनिका क्रिसनन, नीलम पाण्डेय, प्रियंका शोरी, देवेंद्र मरकाम, खिलेश नेताम एवं अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार शिक्षक गंभीर घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

थाना क्षेत्र के ग्राम बरकई में मंगलवार दोपहर करीब 1:30 बजे ट्रक और बाइक के बीच हुई टक्कर में एक शिक्षक गंभीर रूप से घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार, हरिचंद नाग पिता महार सिंह नाग, निवासी बेलभाटा (बड़ेडोंगर) बाइक से फरसगांव की ओर रहे थे। इसी दौरान बरकई के पास ट्रक क्रमांक सीजी 24 टी 9811 की चपेट में आने से वे घायल हो गए। दुर्घटना में उनके चेहरे, हाथ और कंधे पर गंभीर चोटें आई हैं। घटना की सूचना मिलते ही 112 पुलिस वाहन मौके पर पहुंचा और घायल शिक्षक को तत्काल उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरसगांव लाया गया। यहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल कोण्डागांव रेफर कर दिया। बताया गया है कि घायल हरिचंद नाग माकड़ी बीईओ कार्यालय में पदस्थ शिक्षक हैं। हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलने पर फरसगांव पुलिस भी मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त ट्रक क्रमांक सीजी 24 टी 9811 को चालक सहित अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस द्वारा दुर्घटना के कारणों की जांच कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।



# सर्वे अभियान शुरू, 15 वर्ष से अधिक आयु के असाक्षरों की होगी पहचान

**कोण्डागांव।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप संचालित उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत कोंडागांव जिले में 15 वर्ष से अधिक आयु के असाक्षर नागरिकों की पहचान के लिए विशेष सर्वे अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान का उद्देश्य ऐसे वयस्कों को शिक्षा से जोड़ना है, जो किसी कारणवश औपचारिक स्कूली शिक्षा प्राप्त नहीं कर सके। उल्लास कार्यक्रम के अंतर्गत बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान के साथ–साथ डिजिटल साक्षरता, वित्तीय साक्षरता, कानूनी जागरूकता, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता संबंधी जानकारी, व्यावसायिक कौशल तथा अन्य आवश्यक जीवनोपयोगी विषयों का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। कलेक्टर ने दिए व्यापक सर्वे और जनजागरूकता के निर्देश – कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि असाक्षर व्यक्तियों की पहचान कर उनका सर्वे एवं पोर्टल पर पंजीयन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही मुनादी, दीवार लेखन, पोस्टर, बैनर और घर–घर संपर्क अभियान के माध्यम से कार्यक्रम का व्यापक प्रचार–प्रसार करने पर जोर दिया गया है। अभियान को सफल बनाने के लिए पंचायत प्रतिनिधियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, मनरेगा कर्मियों, एनसीसी, एनएसएस स्वयंसेवकों तथा अन्य विभागों के सहयोग से असाक्षरों की पहचान का कार्य युद्धस्तर पर किया जाएगा। जिला प्रशासन का लक्ष्य है कि सर्वे के माध्यम से चिन्हित सभी पात्र असाक्षर नागरिकों की सितंबर 2026 में आयोजित होने वाली महापरीक्षा में शत–प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित की जाए। ताकि उन्हें साक्षर बनाकर आत्मनिर्भर और सशक्त समाज के निर्माण में सहभागी बनाया जा सके। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि कोंडागांव का कोई भी 15 वर्ष से अधिक आयु का नागरिक शिक्षा से वंचित न रहे। इसी उद्देश्य के साथ पूरे जिले में अभियान चलाकर सभी असाक्षर व्यक्तियों को साक्षर बनाने की दिशा में प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं।

## पेज 15 के शेष

### पीएमश्री आत्मानंद विद्यालय...

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में विद्यालय के प्रति आत्मीयता, उत्साह और सकारात्मक सोच विकसित करना था। आयोजन के दौरान शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें नए सत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

### बिजली दरों में बढ़ोतरी आम जनता...

उन्होंने आशंका जताई कि इसका प्रभाव वस्तुओं और सेवाओं की कीमतों पर भी पड़ सकता है, जिससे महंगाई और बढ़ने की संभावना है।

### जमीन विवाद ने लिया हिंसक...

शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामले की जांच की और प्रथम दृष्टया अपराध पाए जाने पर आरोपी नीरज कांगे एवं सुशीला बाई कांगे के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 115(2), 296, 3(5) एवं 351(2) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### भारी वाहनों पर रोक लगाने...

युवा कांग्रेस ने आरोप लगाया कि भारी वाहनों के कारण स्कूली बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों और आम नागरिकों की सुरक्षा खतरे में पड़ गई है। इसके अलावा वाहनों से उड़ने वाली धूल और बढ़ते प्रदूषण से लोगों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। संगठन ने प्रशासन से मांग की है कि नगर एवं आबादी क्षेत्रों से भारी वाहनों के आवागमन पर तत्काल रोक लगाई जाए, परिवहन संबंधी अनुमति एवं दस्तावेजों की जांच कराई जाए तथा भारी वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किया जाए। साथ ही सड़क क्षति, प्रदूषण और जनसुरक्षा से जुड़े मामलों में आवश्यक कार्रवाई करते हुए नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाए। युवा कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि शीघ्र कार्रवाई नहीं होने पर क्षेत्रवासियों के हित में लोकतांत्रिक आंदोलन, चक्काजाम और व्यापक जनआंदोलन किया जाएगा।

### शराब के नशे में दोस्ती बनी दुश्मनी...

पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर आरोपी धनंजय राय उर्फ मोनू के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 296, 115(2) एवं 351(3) के तहत अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

### शासकीय भूमि पर कोटवार के कथित...

शिकायत करने के दौरान ग्रामसभा अध्यक्ष सिया राम सलाम, जनपद सदस्य नितेश सलाम, सरपंच लक्ष्मी जीराम, बजेसिंह सलाम, काशीराम सलाम, मनीष सलाम, रज्जाक खान, मनोज सलाम व अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

### महिलाओं ने लिया समाज...

कार्यशाला में नारी की भूमिका, महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य जागरूकता, योग, प्राकृतिक चिकित्सा, स्वरोजगार, संस्कार निर्माण तथा संगठन की शक्ति जैसे विषयों पर चर्चा की गई। साथ ही नशामुक्त एवं संस्कारित समाज निर्माण में मातृशक्ति की भूमिका पर विशेष बल दिया गया। कार्यक्रम के दौरान बलिवैश्व यज्ञ के महत्व की जानकारी दी गई तथा प्रतिभागियों को दैनिक जीवन में यज्ञीय संस्कृति अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। महिलाओं में वैचारिक जागृति के उद्देश्य से 50 साहित्य भी वितरित किए गए। अंत में सभी प्रतिभागियों ने नशामुक्त, संस्कारित, शिक्षित एवं आत्मनिर्भर समाज के निर्माण के लिए संगठित होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

# बीजापुर जिला संवाद 2026: सरकार के 2 वर्ष पूरे होने पर कितनी कारगर रही योजनाएं हुआ मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

केंद्र व प्रदेश की सरकार ने संयुक्त रूप से बीजापुर की तस्वीर बदलने का मन बना लिया है। जल्द ही जिलेवासियों को सभी बुनियादी सुविधाएं मिलने लगेगी। लंबे समय तक नक्सल दंश से जूझने के बाद अब जाकर बीजापुर के निवासियों ने चैन की सांस ली है। ये हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और देश के गृहमंत्री अमित शाह के दूरगामी सोच का ही परिणाम है। बीजापुर जिले में सड़क, शिक्षा, उद्योग एवं स्वास्थ्य सुविधाओं के विकास के लिए योजना तैयार कर ली गई है जल्द ही इसका लाभ स्थानीय लोगों को मिलना शुरू हो जाएगा। बीजापुर में हरिभूमि-आईएनएच के जिला संवाद कार्यक्रम में बस्तर लोकसभा के सांसद महेश कश्यप ने यह बात कही। उन्होंने प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के एक सवाल के जवाब में कहा कि बीजापुर में विगत दो कार्यकाल से कांग्रेस का विधायक है क्योंकि हमें यहां के भीतरी क्षेत्रों की जनता तक अपनी बात रखने का अवसर ही नहीं मिलता था। लेकिन अब परिस्थितियां बदल गई है। अगले चुनाव में शेष छत्तीसगढ़ की तरह बीजापुर विधानसभा में भी भाजपा का ही विधायक होगा।

जिला संवाद के प्रथम सत्र में स्थानीय व्यापारियों ने सरकार से अपनी अपेक्षाएं रखी। व्यापारी संजय लुंकड़, गौतम राव, संतोष गुप्ता एवं पी.राकेश ने स्वीकार किया कि विगत ढाई वर्षों से जिले में बहुत कुछ बदला है। वहीं प्रशासनिक सत्र में कलेक्टर विश्वदीप, पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव, सीईओ जिला पंचायत नम्रता चौबे एवं वनमंडलाधिकारी श्री जाधव तथा आईटीआर के संदीप बलगा ने जिले के विकास को लेकर अपनी-अपनी योजनाएं बताई। भाजपा की ओर से घासीराम नाग, जानकी कोरसा व गीता सोम पुजारी एवं कांग्रेस की ओर से नीना रावतिया उद्दे व लालू राठौर ने प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के सवालों का जबाव दिया। स्थानीय विधायक विक्रम मंडावी ने राज्य सरकार पर जिले के विकास में पक्षपात का आरोप लगाया।


प्रभारी मंत्री केदार कश्यप से सीधे सवाल करते प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी।


जिले के प्रशासनिक अधिकारियों ने बीजापुर के विकास पर रखा अपना विजन।


जिला संवाद के एक विशेष सत्र में सांसद महेश कश्यप एवं विधायक विक्रम मंडावी।


2 वर्ष में जिले में सरकार की योजनाओं की समीक्षा करते पक्ष व विपक्ष के नेता।


मंच से व्यापारियों ने बीजापुर के वर्तमान हालात एवं सरकार से अपनी अपेक्षा रखी।


14 हजार लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करने वाले राजू गांधी का हुआ सम्मान।


अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सॉफ्टबॉल में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले त्रिलेश उद्दे।


14 बार नेशनल एवं 1 बार अंतराष्ट्रीय स्पर्धा में रेणुका तेलम की उपलब्धि का सम्मान।


राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय खेलों के लिए प्रतिभा तराशने वाले कोच सोपान करनेवार।


संवेदनशील क्षेत्र में मरीजों की निःस्वार्थ सेवा करने वाले डॉ. बीआर पुजारी।


जिला संवाद के मुख्य अतिथि केदार कश्यप को स्मृति चिन्ह भेंट करते प्रधान संपादक।


बीजापुर आईएनएच ब्यूरो प्रमुख गणेश मिश्रा एवं बस्तर मार्केटिंग हेड समीर सेन के द्वारा मंचस्थ अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर किया गया अभिनंदन।


जिला संवाद में अपनी उपलब्धियों के कारण सम्मान प्राप्त करने वाले अतिथि।


जिला संवाद के दौरान शारदा सिनेमा हॉल में लंबे समय तक बैठे रहे जिलेवासी।

# आध्यात्मिक कार्यों और सामाजिक समर्पण का हुआ सम्मान

## हरिभूमि-आईएनएच के जिला संवाद में कोंटा के पी विजय हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

सुकमा जिला मुख्यालय में 14 जून को हरिभूमि- आईएनएच के जिला संवाद कार्यक्रम में कई विभूतियों का सम्मान किया गया। प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी, मंत्री केदार कश्यप व सांसद महेश कश्यप सहित वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में समाज सेवा के क्षेत्र में कोंटा के पी विजय का सम्मान किया गया।

■ प्रधान संपादक डॉ हिमांशु द्विवेदी, मंत्री केदार कश्यप व सांसद महेश कश्यप ने किया सम्मान



सुकमा जिले के कोंटा अंचल में यदि जनसेवा, सामाजिक समर्पण, आध्यात्मिक चेतना और राष्ट्रहित के कार्यों की चर्चा होती है, तो पी. विजय नायडू का नाम विशेष सम्मान और आदर के साथ लिया जाता है। वे उन विरले व्यक्तित्वों में से हैं जिन्होंने अपने जीवन को समाज, संस्कृति, राष्ट्र और मानवता की सेवा के लिए समर्पित किया है। उनका जीवन संघर्ष, सेवा, नेतृत्व और समर्पण की एक प्रेरणादायी गाथा है।

### तीन बार हुआ प्राण घातक हमला पर डिगे नहीं

कोंटा क्षेत्र के सामाजिक जीवन में पी. विजय नायडू की सक्रियता कई दशकों से दिखाई देती है। उन्होंने सदैव समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति की पीड़ा को समझने और उसके समाधान के लिए कार्य करने का प्रयास किया है। वर्ष 2006 एवं 2016 में शबरी नदी में आई भीषण बाढ़ के दौरान उन्होंने राहत एवं बचाव कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा अनेक प्रभावित परिवारों तक सहायता पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वर्ष 2006 में सलवा जुडूम आंदोलन के दौरान नक्सलवाद के विरुद्ध जनजागरण और जनसंगठन के प्रयासों में उनका योगदान उल्लेखनीय रहा। नक्सल प्रभावित क्षेत्र में रहते हुए उन्होंने सदैव शांति, विकास और राष्ट्रहित के पक्ष में अपनी मुखर भूमिका निभाई। 30 वर्षों से नक्सलवाद का अंत के लिए तीन बार प्राण घातक हमले के बाद वर्ष 2026 में उनका सपना साकार हुआ और आज सम्पूर्ण बस्तर नक्सल हिंसा से मुक्त हुआ।

### 190 जोड़ों के विवाह में निभाई थी सक्रिय भूमिका

मानवीय संवेदनाओं से परिपूर्ण उनके कार्यों में वर्ष 2007 का सामूहिक विवाह कार्यक्रम विशेष रूप से उल्लेखनीय है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित इस आयोजन में परियोजना संयोजक के रूप में उन्होंने 190 जोड़ों के विवाह को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह कार्य सामाजिक समरसता, सहयोग और जनसेवा का उत्कृष्ट उदाहरण बन गया।

### कोविड में बने देवदूत

कोविड-19 महामारी के कठिन दौर में जब लाखों लोग भोजन और रोजगार के संकट से जूझ रहे थे, तब नायडू ने मानवता की सेवा को अपना सर्वोच्च धर्म मानते हुए श्रीश्रीश्री माणिकेश्वर मंदिर ट्रस्ट के माध्यम से लगातार 75 दिनों तक हजारों जरूरतमंद लोगों के लिए निःशुल्क भोजन की व्यवस्था कराई। इसके अतिरिक्त वर्ष 2020 में एक हजार से अधिक परिवारों को तीन माह तक निःशुल्क सब्जियों का वितरण कर उन्होंने समाजसेवा का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। आध्यात्मिक और धार्मिक क्षेत्र में भी उनका योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। श्रीश्रीश्री माणिकेश्वर मंदिर ट्रस्ट से जुड़े रहकर उन्होंने अनेक धार्मिक, सांस्कृतिक और सेवा कार्यों को आगे बढ़ाया। सुदूर वनांचलों से आने वाले आदिवासी ग्रामीणों के लिए आयोजित निःशुल्क शिव नारायण भोज कार्यक्रमों में उनकी भूमिका विशेष रूप से सराहनीय रही है। उनके प्रयासों से हजारों लोगों को भोजन, सेवा और आत्मीयता का अनुभव प्राप्त हुआ है।

### हार कर विजय हुए पी विजय

राजनीतिक जीवन में भी पी. विजय नायडू का योगदान उल्लेखनीय है। छात्र जीवन से ही वे सामाजिक और राजनीतिक गतिविधियों में सक्रिय रहे हैं। वर्ष 1990 से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सक्रिय स्वयंसेवक तथा वर्ष 2005 से भारतीय जनता पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता के रूप में वे राष्ट्र निर्माण के कार्यों में योगदान दे रहे हैं। वर्ष 2011 में गौ-ग्राम यात्रा के दौरान दंतेवाड़ा एवं सुकमा क्षेत्रों में वनवासी कल्याण से जुड़े कार्यों का सफल समन्वय किया। विश्व हिन्दू परिषद सुकमा जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष (2022-23) के रूप में भी उन्होंने संगठन को सशक्त दिशा प्रदान की और वर्तमान में जिला सदस्य के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। नगर पंचायत कोंटा के वार्ड क्रमांक 13 के पार्षद के रूप में भी उन्होंने जनसमस्याओं के समाधान, विकास कार्यों की निगरानी तथा आमजन के हितों की रक्षा के लिए निरंतर प्रयास किए हैं। उनकी कार्यशैली सदैव जनसंपर्क, जनसहयोग और जनसेवा पर आधारित रही है।

## नकली मंगलसूत्र वितरण गंभीर भ्रष्टाचार का प्रमाण



**घाटलोहंगा।** बस्तर विधानसभा विधायक लखेश्वर बघेल ने मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत एमसीबी जिले के खड़गवां विकासखंड के चनवारीडांड में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में नवविवाहिताओं को वितरित किए गए कथित चांदी के मंगलसूत्रों के नकली पाए जाने के मामले को अत्यंत गंभीर बताते हुए राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों की बेटियों के सम्मान और सहयोग के लिए बनाई गई थी, लेकिन इस योजना में भी भ्रष्टाचार और लापरवाही की पराकाष्ठा देखने को मिल रही है। 179 नवविवाहित जोड़ों को चांदी के नाम पर गिलट के मंगलसूत्र वितरित किए जाना न केवल सरकारी धन के दुरुपयोग का मामला है, बल्कि नवविवाहित बेटियों और उनके परिवारों के विश्वास के साथ खुला धोखा भी है। सरकार मंचों से महिला सम्मान और बेटियों के सशक्तिकरण की बड़ी-बड़ी बातें करती है, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि गरीब परिवारों की बेटियों को नकली आभूषण थमा दिए गए।

## जुनावही प्राथमिक शाला में अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण



**बस्तर।** संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन आज संकुल फरसागुड़ा के प्राथमिक शाला जुनावहीं में हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण और नव प्रवेशित बच्चों को पाठ्यपुस्तक व गणवेश का वितरण किया गया। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष संतोष बघेल, उपाध्यक्ष जयबती कश्यप, जिला पंचायत सदस्य निर्देश दीवान, गौरव कश्यप, पिंटू सांखला, तुलसु कश्यप की उपस्थिति रही। इस अवसर पर बीईओ भारती देवांगन, एबीईओ सुशील कुमार तिवारी, संकुल प्राचार्य विकास पाठक और संकुल समन्वयक मनीषा सिन्हा सहित बड़ी संख्या में शिक्षक स्टाफ उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन एबीईओ ने किया। जनप्रतिनिधियों ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षा के साथ बेहतर आधारभूत सुविधाएं देने से ग्रामीण बच्चों का भविष्य मजबूत होगा।

## विधायक ने नवप्रवेशी बच्चों का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा



तोकापाल विकासखंड के ग्राम पंचायत धर्माऊर में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन बड़े उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में किया गया। इस अवसर पर चित्रकोट विधायक विनायक गोयल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। विधायक ने नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर एवं पुष्प अर्पित कर स्वागत किया। उन्होंने बच्चों को शिक्षा के महत्व से अवगत कराते हुए मन लगाकर पढ़ाई करने, अनुशासन का पालन करने तथा अपने उज्ज्वल भविष्य के निर्माण हेतु निरंतर प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि शिक्षा ही समाज और राष्ट्र की प्रगति का आधार है। राज्य सरकार प्रत्येक बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने अभिभावकों से भी अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने और उनकी शिक्षा में सहयोग करने की अपील की। शाला प्रवेश उत्सव के दौरान बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। विधायक ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## पूरन अध्यक्ष तथा जगदू बने सचिव

**जगदलपुर।** इंद्रावती नदी के संरक्षण, जल-जंगल-जमीन की रक्षा तथा किसानों, ग्रामीणों और आदिवासी समुदायों के अधिकारों की लड़ाई को अधिक संगठित एवं मजबूत बनाने के उद्देश्य से इंद्रावती नदी बचाओ संघर्ष समिति की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया है। समिति के संभागीय सचिव सुभाष कश्यप ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में घोषणा की। पूरन सिंह कश्यप को अध्यक्ष तथा जगदू राम कश्यप को सचिव नियुक्त किया गया है। समिति ने विकासखंडों, तहसीलों और ग्रामीण क्षेत्रों से सक्रिय सामाजिक कार्यकतार्ओं एवं जनप्रतिनिधियों को शामिल किया है। कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष पद पर तोकापाल घाट धनोरा से गोवर्धन सेठिया, बस्तर भोंड से कृपालु कश्यप, लोहंडीगुड़ा चित्रकोट से घनश्याम मौर्य, बस्तर आड़ावाल से मनीराम बघेल, भानपुरी देवड़ा से यशवंत मौर्य, करपावंड सवरा से भुवनेश्वर कश्यप, जगदलपुर पामेला से अमीर कश्यप, बकावंड मालगांव) से भोलाराम नाग, बास्तानार पीरमेटा से विमल पांडे तथा दरभा डिलमिली से मनीराम मांडवी , नानगुर बड़े मुरमा मंधर कश्यप को जिम्मेदारी सौंपी गई है। तोकापाल सिंघनपुर से कमल कश्यप को सह सचिव नियुक्त किया गया है। अधिवक्ता सोनू कश्यप को विधिक सलाहकार का दायित्व सौंपा गया है।

## प्रज्ञा दुबे ने बिखेरा लोक संस्कृति का जलवा

**मद्देड।** बस्तर अंचल की समृद्ध लोक कला और सांस्कृतिक विरासत ने एक बार फिर राष्ट्रीय पटल पर अपनी अमिट छाप छोड़ी है। हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में आयोजित 71 वीं अखिल भारतीय नाट्य एवं नृत्य प्रतियोगिता में बीजापुर जिले के भोपालपटनम ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत संगमपल्ली ग्राम की बेटी प्रज्ञा दुबे ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम पुरस्कार अपने नाम किया है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि से न केवल बस्तर संभाग, जिला, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ का नाम गौरवान्वित हुआ है। ऑल इंडिया आर्टिस्ट्स एसोसिएशन द्वारा शिमला के खूबसूरत वादियों में आयोजित इस 5 दिवसीय राष्ट्रीय सांस्कृतिक महोत्सव में देशभर के विभिन्न राज्यों से आए सैकड़ों कलाकारों ने हिस्सा लिया था।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)
मो. 9981321524 / 7223011528

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर)
फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### नि:शुल्क कैंसर एवं परामर्श शिविर का हुआ आयोजन

**कांकेर।** जिला स्वास्थ्य समिति कांकेर एवं बाल्को मेडिकल सेंटर रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में नि:शुल्क कैंसर एवं परामर्श शिविर का आयोजन जिला अस्पताल कांकेर में किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरसी ठाकुर के निर्देशानुसार एवं बाल्को अस्पताल से कैंसर विशेषज्ञ डॉ. अश्वनी कुमार सचदेव, जिला अस्पताल के रेडिसीन ऑकोलॉजिस्ट डॉ. बुद्धेश्वर सिंह एवं दल द्वारा कुल 57 मरीजों का जांच किया गया, जिसमें 21 संदिग्ध मरीजों का पैप स्मीयर, मैमोग्राफी कर उचित परामर्श दिया गया। जिला कार्यक्रम प्रबंधक रोहित वर्मा, डॉ. योगेश प्रजापति जिला सलाहकार एनसीडी एवं फाइनेंस लॉजिस्टिक ऑफिसर राकेश राजपूत का इस कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान रहा।

### दो महीने बाद फिर खड़ा हुआ आशियाना



**पखांजूर।** ग्राम पंचायत पड़ेगा के पीवी-85 नयापारा में प्रशासनिक कार्रवाई के दो महीने बाद बेघर हुए परिवारों ने लोगों के सहयोग से फिर से अपने आशियाने खड़े कर लिए हैं। 17 अप्रैल को स्कूल खेल मैदान के नाम पर प्रशासन द्वारा छह मकानों पर बुलडोजर चलाया गया था, जिनमें दो प्रधानमंत्री आवास भी शामिल थे। इस कार्रवाई के बाद वर्षों से यहां निवास कर रहे परिवार अचानक बेघर हो गए थे। वर्ष 1997 से बाढ़ प्रभावित परिवार इस क्षेत्र में रह रहे थे। भीषण गर्मी के बीच मकान टूटने से परिवारों को छोटे-छोटे बच्चों के साथ पेड़ों के नीचे रहने के लिए मजबूर होना पड़ा। प्रशासन द्वारा तत्काल पुनर्वास या वैकल्पिक व्यवस्था नहीं किए जाने को लेकर स्थानीय लोगों और सामाजिक संगठनों ने विरोध भी जताया था। मामले में बढ़े विवाद के बाद तत्कालीन एसडीएम को भी हटाया गया था। बंगाली समाज ने सोशल मीडिया के माध्यम से सहायता अभियान चलाकर पीड़ित परिवारों तक आर्थिक एवं सामग्री सहयोग पहुंचाया। समाज और अन्य सहयोगियों की मदद से प्रभावित परिवारों ने कच्चे मकान बनाकर फिर से जीवन की शुरुआत की है। ग्राम मुखिया कृष्णा सरकार और बंगाली समाज के प्रदेश अध्यक्ष मनोज मंडल ने कहा कि सहयोग से राहत जरूर मिली है, लेकिन स्थायी पुनर्वास और सरकारी सहायता की आवश्यकता अभी भी बनी हुई है।

### कांग्रेस करेगी बिजली कार्यालय का घेराव आज

**जगदलपुर।** जिला कांग्रेस शहर कल 17 जून को प्रातः 11:30 बजे सरकार के द्वारा बिजली की दरों में की गई बेतहाशा वृद्धि को लेकर बिजली विभाग का घेराव व पुतला दहन करेगा। जिला अध्यक्ष सुशील मौर्य ने सभी कांग्रेसियों से गीदम रोड स्थित बिजली विभाग के कार्यालय पहुंचने को कहा है।

### सोहराब खान और मोहम्मद इमरान को मिली कमान

**जगदलपुर।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव व संगठन महामंत्री पवन साय की अनुमति से जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने जगदलपुर पूर्वी व पश्चिमी नगर मण्डल में अल्पसंख्यक मोर्चा की नवीन कार्यकारिणी घोषित की है। जिसमें पूर्वी नगर मण्डल में अध्यक्ष सोहराब खान, उपाध्यक्ष मनोज सिसौदिया, सुखविंदर कौर, महामंत्री हरपिन्दर सिंह व अफसरी बेगम, मंत्री हिना खान, रोशनी नाग, रेशमा, कोषाध्यक्ष प्रीति कौर, कार्यालय मंत्री इस्लाम खान व सोशल मीडिया प्रभारी अख्तरी बेगम को नियुक्त किया गया है। वहीं पश्चिम नगर में अध्यक्ष मोहम्मद इमरान, उपाध्यक्ष अहमद रजा, जुबैदा बेगम, मोहम्मद शमीम, महामंत्री सज्जाद खान राजू व सलीम खान, मंत्री कैयूम अली, नगमा खान, सायरा खान, कोषाध्यक्ष मुमताज खान, सह कोषाध्यक्ष दीपक कश्यप, कार्यालय मंत्री मुकेश भंसाली व सोशल मीडिया प्रभारी अयान अली को बनाया गया है।

# चैंबर ऑफ कॉमर्स ने शौर्य चक्र विजेताओ का शॉल ओढ़ाकर किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

शौर्य चक्र से सम्मानित इंस्पेक्टर रामेश्वर देशमुख के भानुप्रतापपुर आगमन पर चैंबर ऑफ कॉमर्स भानुप्रतापपुर इकाई के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने थाना परिसर पहुंचकर उनसे सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर चैंबर ऑफ कॉमर्स की ओर से उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

चैंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों ने कहा कि इंस्पेक्टर रामेश्वर देशमुख ने अपने अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा और उत्कृष्ट सेवा से न केवल पुलिस विभाग बल्कि पूरे क्षेत्र और प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। उनका यह सम्मान युवाओं और समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है। इंस्पेक्टर रामेश्वर देशमुख ने इस सम्मान के लिए चैंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों एवं सदस्यों से कहा कि वे आगे भी पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते रहेंगे। इस अवसर पर एसडीओपी शेर बहादुर सिंह की गरिमामयी उपस्थिति भी रही। इस अवसर पर चैंबर ऑफ कॉमर्स भानुप्रतापपुर इकाई अध्यक्ष यश कथुरिया, महामंत्री नमन जैन, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार जैन, जिला मंत्री राकेश रमानी, अनंत गोपाल कोठारी, मोहन हरद्वानी, जीवन जैन, प्रदीप नवलानी, कपूरचंद जैन, विजय जैन बरडिया, फुरकान अहमद, लक्ष्मण माखीजा, नारायण पाढ़ी, हरीश सोनी, गौरव नशीने, नरपत बोथरा, मोंटी कुलदीप, डेविड देवांगन एवं विवेक गुप्ता सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहें।

## इंस्पेक्टर रामेश्वर को थाना परिसर में किया सम्मानित



### देशमुख का पत्रकार संघ ने भी किया सम्मान

*शौर्य चक्र से सम्मानित थाना प्रभारी रामेश्वर देशमुख के भानुप्रतापपुर आगमन पर नगर में उत्साह, गर्व और सम्मान का माहौल देखने को मिला। इसी क्रम में पत्रकार संघ भानुप्रतापपुर द्वारा थाना परिसर में उनका शॉल, श्रीफल एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया गया। पत्रकार संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि शौर्य चक्र प्राप्त कर रामेश्वर देशमुख ने न केवल पुलिस विभाग, बल्कि पूरे भानुप्रतापपुर क्षेत्र का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। उनकी उपलब्धि युवा पीढ़ी, पुलिसकर्मियों और समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कठिन परिस्थितियों में अदम्य साहस और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देकर यह सम्मान प्राप्त किया है, जिस पर पूरे क्षेत्र को गर्व है। सम्मान समारोह के दौरान शौर्य चक्र विजेता थाना प्रभारी रामेश्वर देशमुख नगरवासियों के स्नेह और सम्मान से भावुक नजर आए। उन्होंने कहा कि नगरवासियों द्वारा दिया गया यह सम्मान उनके लिए अविस्मरणीय है। शौर्य चक्र को उन्होंने अपनी व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि पुलिस विभाग, अपने सहयोगियों और क्षेत्र की जनता के विश्वास, सहयोग एवं समर्थन का परिणाम बताया। इस अवसर पर पत्रकार संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे।*

## कार्रवाई : पीडितो को न नौकरी मिली, न हि रकम वापस

# नौकरी दिलाने का झांसा देकर 11 लाख की ठगी जेल जा चुके आरोपी पर दर्ज हुआ नया मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

शासकीय नौकरी का सपना दिखाकर लोगों से लाखों रुपये ऐंठने का एक और मामला सामने आया है। पहले भी विवादों में रह चुके एक आरोपी के खिलाफ अब 11 लाख रुपये की कथित ठगी का नया मामला दर्ज होने से क्षेत्र में चर्चा तेज हो गई है। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि सरकारी नौकरी लगवाने के नाम पर उनसे लाखों रुपये लिए गए, लेकिन न नौकरी मिली और न ही उनकी रकम वापस की गई।

कांकेर के ठेलकाबोड़ मावलीनगर निवासी लोकनाथ सिन्हा ने थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई कि वर्ष 2022 में उनकी मुलाकात तोरण तारम नामक व्यक्ति से हुई थी। तोरण तारम ने उनकी पहचान कैलाश साहू से कराई और बताया कि उसकी मंत्रालय, जनप्रतिनिधियों तथा उच्च अधिकारियों तक पहुंच है तथा वह लोगों को शासकीय नौकरी दिलवा सकता है। शिकायत के अनुसार कैलाश साहू ने स्वयं को प्रभावशाली व्यक्ति बताते हुए स्टाफ नर्स, कम्प्यूटर ऑपरेटर और प्यून जैसे पदों पर सरकारी नौकरी दिलाने का भरोसा दिया। इस भरोसे में आकर लोकनाथ सिन्हा सहित विकास चंद्र नेवेन्द्र, रामनारायण सिन्हा, कुलेश्वर सिन्हा और लोकेश सिंहा ने अपने परिजनों की नौकरी के लिए कुल 9 लाख रुपये नगद दिए। कई माह बीत जाने के बाद भी नियुक्ति नहीं होने पर कैलाश साहू ने शिकायतकर्ताओं की मुलाकात जुगल किशोर साहू से कराई। जुगल किशोर ने स्वयं को मंत्रालय स्तर पर कार्य कराने वाला व्यक्ति बताते हुए दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया कराई। इसके बाद वेरिफिकेशन में परेशानी आने का हवाला देकर अतिरिक्त राशि की मांग की गई। शिकायतकर्ताओं ने उसके कहने पर 50 हजार रुपये नगद तथा 1 लाख 50 हजार रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर किए। इस तरह दोनों आरोपियों को कुल 11 लाख रुपये दिए गए।

**धोखाधड़ी और षड्यंत्र का मामला दर्ज :** शिकायत के साथ बैंक ट्रांजेक्शन, फोनपे भुगतान विवरण, चेक और बैंक रिटर्न मेमो की प्रतियां भी प्रस्तुत की गई हैं। मामले की जांच के बाद पुलिस ने कैलाश साहू एवं जुगल किशोर साहू के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 420 और 120-बी के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

### आरक्षक भर्ती का झांसा देकर युवक से ऐंठे पौने दो लाख, दो पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

पुलिस विभाग में आरक्षक पद पर भर्ती कराने और प्रभावशाली पहचान का हवाला देकर एक युवक से लाखों रुपए ऐंठ लिए गए। लंबे समय तक नौकरी का इंतजार करने के बाद जब पीड़ित को अपने साथ धोखाधड़ी होने का अहसास हुआ, तब उसने थाना चारामा और थाना कांकेर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



जानकारी के अनुसार ग्राम उडकुडा निवासी 25 वर्षीय यादेश कुमार साहू, जो वर्तमान में मेडिकल कॉलेज तेलगरा में सुरक्षा गार्ड के रूप में कार्यरत है, ने शिकायत में बताया कि उसकी पहचान कांकेर निवासी कैलाश साहू और तरूणा निषाद से एक निजी कंपनी में कार्य करने के दौरान हुई थी। दोनों ने स्वयं की पुलिस विभाग में अच्छी पहुंच और अधिकारियों से संपर्क होने का दावा करते हुए उसे आरक्षक पद पर नौकरी दिलाने का आश्वासन दिया। शिकायत के अनुसार आरोपितों ने नौकरी लगवाने के लिए लगभग पांच लाख रुपए खर्च होने की बात कही और विभिन्न किश्तों में रकम जमा कराने लगे। नौकरी मिलने की उम्मीद में शिकायतकर्ता ने वर्ष 2024 और 2025 के दौरान कई बार ऑनलाइन माध्यम से रकम हस्तांतरित की। पीड़ित के अनुसार तरूणा निषाद के खाते और मोबाइल नंबर पर 31 जनवरी 2024 को 10 हजार रुपए, 28 मई 2024 को 20 हजार 980 रुपए तथा 50 हजार रुपए, 1 जून 2024 को 39 हजार रुपए और 14 जुलाई 2024 को 7 हजार रुपए भेजे गए। इस प्रकार तरूणा निषाद को कुल 1 लाख 26 हजार 980 रुपए दिए गए, वहीं कैलाश साहू को 23 जनवरी 2025 को दो अलग-अलग ट्रांजेक्शन के माध्यम से 2 हजार रुपए और 48 हजार रुपए, कुल 50 हजार रुपए भेजे गए। इस तरह दोनों आरोपितों को मिलाकर कुल 1 लाख 76 हजार 980 रुपए का भुगतान किया गया। पीड़ित का आरोप है कि रकम लेने के बावजूद न तो उसे पुलिस विभाग में नौकरी दिलाई गई और न ही उसकी राशि वापस की गई। उसने यह भी आरोप लगाया है कि दोनों व्यक्तियों ने अन्य लोगों को भी नौकरी दिलाने का प्रलोभन देकर रकम लेने का प्रयास किया है।

शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी कैलाश साहू और तरूणा निषाद के खिलाफ चारामा थाना में भारतीय न्याय संहिता की धारा 111(2) एवं 318(4) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। इसके अलावा कांकेर में भी दोनो आरोपियों पर धारा 420 आईपीसी के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## संघर्ष के समय जनता के बीच नहीं पहुंचे जनप्रतिनिधि

**कोयलीबेड़ा।** सांसद एवं विधायक पर कोयलीबेड़ा जनता की समस्याओं की अनदेखी करने का आरोप युवक कांग्रेस के ब्लॉक उपाध्यक्ष संदीप आंचाल ने लगाया है। उन्होंने कहा कि कोयलीबेड़ा क्षेत्र की जनता अपनी जायज मांगों को लेकर लंबे समय तक आंदोलनरत रही, लेकिन जनप्रतिनिधियों ने आंदोलन के दौरान जनता के बीच पहुंचकर संवाद करना भी जरूरी नहीं समझा।



युवक कांग्रेस के ब्लॉक उपाध्यक्ष ने कहा कि 18 पंचायतों के सरपंच, जनपद एवं जिला पंचायत प्रतिनिधि, 68 गांवों के गायता-पटेल, किसान, युवा और विभिन्न वर्गों के लोग अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर 27 मई से 1 जुलाई तक आंदोलन करते रहे। भीषण गर्मी के बीच लोग अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करते रहे, लेकिन शासन-प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की ओर से अपेक्षित पहल नहीं हुई। उन्होंने कहा कि जब आंदोलन के बावजूद मांगों पर सुनवाई नहीं हुई, तब क्षेत्रवासियों ने 2 जुलाई से अंतागढ़ स्टेट हाईवे पर चक्का जाम आंदोलन शुरू किया। दो दिनों तक हजारों लोग सड़क पर डटे रहे, लेकिन विधायक और सांसद आंदोलन स्थल पर नहीं पहुंचे। आज जब विधायक कोयलीबेड़ा प्रवास पर आ रहे हैं, तो जनता जानना चाहती है कि संघर्ष के समय वे क्षेत्र में क्यों नहीं आए। उन्होंने कहा कि आंदोलन किसी एक राजनीतिक दल का नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की जनता का था। ऐसे में जनता के बीच संवाद स्थापित करना जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी थी। युवा कांग्रेस नेता ने कहा कि क्षेत्र की जनता आंदोलन के दौरान हुई उपेक्षा को भूली नहीं है और आज भी जवाब चाहती है। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव के समय जनता से संपर्क करने वाले जनप्रतिनिधि संघर्ष के समय जनता के साथ खड़े नहीं दिखाई दिए।

## नरहरपुरवासियों ने पुलिस अधीक्षक से की मुलाकात

**कांकेर।** नरहरपुर के गणमान्य नागरिकों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने नगर प्रवास के दौरान पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा से मुलाकात कर क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं, कानून व्यवस्था एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान नगर तथा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में शांति व्यवस्था, यातायात नियंत्रण, नागरिक सुरक्षा, अपराध नियंत्रण एवं आमजन को बेहतर पुलिस सुविधाएं उपलब्ध कराने जैसे मुद्दों पर सकारात्मक विचार-विमर्श किया गया।



पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने संस्था द्वारा किए जा रहे सामाजिक एवं मानवीय कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज में सहयोग, संवेदनशीलता एवं सामाजिक एकता की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने समिति के सदस्यों एवं दानदाताओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पुलिस और जनता के बीच बेहतर समन्वय अत्यंत आवश्यक है। जब समाज और पुलिस मिलकर कार्य करते हैं, तब क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और सामाजिक व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होती है। आमजन का विश्वास और सहभागिता पुलिस व्यवस्था को प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। मुलाकात के दौरान सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश संचेती ने नगर में समाजसेवा के उद्देश्य से संचालित प्रयास एक संस्था की गतिविधियों की जानकारी पुलिस अधीक्षक को दी। उन्होंने संस्था द्वारा संचालित विभिन्न जनहितकारी कार्यों के साथ-साथ स्वर्ग रथ सेवा एवं स्वर्ग धाम मुक्तिधाम संचालन समिति की गतिविधियों से भी अवगत कराया। मुकेश संचेती ने बताया कि क्षेत्र में किसी परिवार में मृत्यु होने पर अंतिम संस्कार संबंधी आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए लोगों को कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ता था। इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए जनसहयोग से स्वर्ग रथ सेवा प्रारंभ की गई है, जिससे शोकाकुल परिवारों को सम्मानपूर्वक और समय पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। मुलाकात के दौरान उपस्थित नागरिकों ने थाना प्रभारी सोमेश सिंह बघेल के कार्यों की भी सराहना की।

**ये रहे उपस्थित :** इस अवसर पर संतोष भास्कर, डॉ. लक्ष्मण शुक्ला, नितेश मगेंद्र, ओमेश स्वर्णवंशी एवं जसराज चोपड़ा सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## प्रथम दिवस से ही पढ़ाई पर दिया जोर अफसरों ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

नए शिक्षा सत्र के प्रथम दिवस पर विकासखंड दुर्गुकोंदल की शालाओं में उत्साहपूर्ण वातावरण के साथ शिक्षण कार्य प्रारंभ हुआ। शाला स्वच्छता, विभिन्न पंजीयों के संधारण, शिक्षकों की नियमित उपस्थिति, पाठ्यपुस्तक एवं गणवेश वितरण, पुस्तक स्कैनिंग तथा अन्य शैक्षणिक एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई थी। साथ ही प्रथम दिवस से ही नियमित अध्यापन कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए थे।

प्रथम दिवस खंड शिक्षा अधिकारी विप्लव सिंह डे एवं खंड स्रोत समन्वयक लतीप सोम ने प्राथमिक, माध्यमिक एवं हाईस्कूल मर्रामपानी तथा प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला मदले का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान समय-सारिणी, पुस्तक स्कैनिंग, पंजीयों के संधारण तथा मध्यान्ह भोजन व्यवस्था का अवलोकन किया गया, जिसे अधिकारियों ने संतोषजनक पाया। जिन शालाओं में शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज नहीं हो पा रही है, उन्हें आवश्यक आवेदन तैयार कर खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही किचन गार्डन के विकास एवं विस्तार के लिए इन शालाओं सहित विकासखंड की सभी शालाओं को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। अधिकारियों ने प्रथम दिवस की व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए निर्देशित किया कि आगामी एक सप्ताह के भीतर विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। इसके अतिरिक्त 27 जून से पूर्व शाला प्रवेशोत्सव आयोजित करने, पालक-बालक-शिक्षक सम्मेलन के माध्यम से नवीन एसएमसी गठन की प्रक्रिया पूर्ण करने, विद्यार्थियों को सुरक्षित स्थानों पर बैठाने, न्योता भेज कार्यक्रम का आयोजन करने, विद्यार्थियों की कॉपी एवं पुस्तकों में जिल्द लगाने तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए।



सहायक खंड शिक्षा अधिकारी अंजनी मंडावी ने बताया कि नए शिक्षा सत्र के प्रथम दिवस से ही विद्यार्थियों में प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति रुचि विकसित करने के लिए विशेष पहल प्रारंभ कर दी गई है। प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के लिए प्रेयर टुगेदर प्रश्नोत्तरी का दैनिक प्रसारण 16 जून से प्रारंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार के सतत प्रयासों के कारण विकासखंड दुर्गूकोंदल प्रतिवर्ष प्रतियोगी परीक्षाओं के परिणामों में उल्लेखनीय उपलब्धियां प्राप्त कर रहा है।

## मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान की स्वास्थ्य मंत्री ने की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



जिला कार्यालय कांकेर में मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान के क्रियान्वयन के संबंध में लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने समीक्षा बैठक ली। बस्तर संभाग के सभी जिलों में संचालित इस अभियान के तहत कांकेर जिले में स्वास्थ्य अमला द्वारा घर-घर जाकर परिवार के सभी सदस्यों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं बीमार व्यक्ति के उपचार के संबंध में की गई कार्यवाही की जानकारी लेते हुए उन्होंने स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार आमजन तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। उन्होंने अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को बधाई दी। बैठक के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने योजना से लाभान्वित हितग्राहियों से चर्चा कर उनके अनुभव जाने। हितग्राहियों ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा घर-घर पहुंचकर स्वास्थ्य जांच की गई तथा आवश्यक उपचार एवं स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गई। उन्होंने बताया कि समय पर जांच और उपचार मिलने से उन्हें काफी लाभ मिला है। हितग्राहियों ने स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों द्वारा किए गए सहयोग एवं सेवा भावना के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान का उद्देश्य दूरस्थ क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करना है, ताकि प्रत्येक व्यक्ति को समय पर जांच, उपचार एवं आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने अभियान को और प्रभावी बनाने के लिए अधिकारियों को निरंतर प्रयास करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उनके द्वारा मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान के दौरान जिले के चिन्हांकित 15 मरीजों को जिनका उपचार किया गया उन्हें पोषण आहार के रूप में फूड बास्केट प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान के तहत स्वास्थ्य अमला जिसमें आरएचओ, सीएचओ, मितानिन की टीम के द्वारा घर-घर जाकर लोगों के का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। अभियान के दौरान कांकेर जिले में अब तक 08 लाख 577 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें 23 हजार 936 व्यक्ति संदेहास्पद मरीज पाए गए। इनमें से 13 हजार 370 लोगो का इलाज किया गया तथा शेष चिन्हांकित मरीजों का उपचार की व्यवस्था की जा रही है।

- **हितग्राहियों से संवाद कर जाना अभियान से मिले लाभ का अनुभव**

**ये रहे उपस्थित :** बैठक में विधायक आशाराम नेताम, छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प बोर्ड के अध्यक्ष शालिनी राजपूत, नगर पालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक, पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष आलोक ठाकुर, नगर पालिका उपाध्यक्ष उत्तम यादव, पार्षद टिकेंद्र ठाकुर, एसडीएम अरूण वर्मा, महेश जैन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरसी ठाकुर सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं योजना से लाभान्वित हितग्राही उपस्थित रहे।

## छात्र-छात्राओं का तिलक वंदन कर स्वागत किया

# साज-सज्जा और सम्पूर्ण डिजिटल क्लास द्वारा अध्यापन खेलकूद एवं शैक्षणिक गतिविधियां शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

पैराडाइज हायर सेकेंडरी सीबीएसई स्कूल में नए शैक्षणिक सत्र की पुनः प्रारंभ नर्सरी से कक्षा 12वीं तक के सभी छात्र-छात्राओं का विद्यालय परिवार के शिक्षकों के ओर से तिलक वंदन कर किया गया।

इस अवसर पर स्कूल प्राचार्य रश्मि रजक ने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए कहा कि नया सत्र नई उम्मीदों, नए लक्ष्यों और नए अवसरों के साथ आये है आशा करते है कि आप सभी उत्साह, अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ अपनी शिक्षा यात्रा को आगे बढ़ाएंगे, विद्यालय केवल



पढ़ाई का स्थान नहीं, बल्कि आपके व्यक्तित्व, संस्कार, ज्ञान और कौशल के विकास का केंद्र है। उन्होंने कहा कि नियमित अध्ययन, समय का सदुपयोग, शिक्षकों का सम्मान और विद्यालय के नियमों का पालन करके आप सफलता की नई ऊँचाइयों को प्राप्त कर सकते हैं। ज्ञान ही सफलता की कुंजी है और परिश्रम उसका मार्ग। आइए, हम सभी मिलकर इस नए सत्र को सीखने, रचनात्मकता, उपलब्धियों और खुशियों से भरपूर बनाएं।

पैराडाइज स्कूल में प्रत्येक क्लास में इंटरैक्टिव डिजिटल पेनल बोर्ड द्वारा शिक्षण सुविधा प्रदान की जा रही है और प्रत्येक शिक्षकों को इस डिजिटल पेनल बोर्ड एवं ई.बुक. और इंटरनेट से जुड़कर विषय को विस्तार पूर्वक अध्ययन कराने का प्रशिक्षण प्रदान किया गया शिक्षक भी नये सत्र के लिए बहुत ही उत्साहित और शिक्षण कार्य के लिए उच्च गुणवत्ता एवं आधुनिक शिक्षा प्रदान करने के लिये अत्यधिक प्रयासरत हैं। इस ऊर्जावान नये सत्र की पुनः शुरूआत कराने में प्राचार्य रश्मि रजक का मार्गदर्शन रहा एवं कोऑर्डिनेटर ऐश्वर्या साहू, वरिष्ठ शिक्षक प्रीति झा, रूबी खान, पवित्र बराई, शिक्षक दीपांजली गोगोई, वर्षा रामानी, एस मर्सी, तीरथ साहू, संगीता भारती, सरिता मिश्रा, रिया सोनी, रचना शर्मा, कृष्णापद कुंभकार, टाकेश्वर साहू, सुकदेव सरकार, अरशिया, दीपिका, अनिल कुमार, पुष्पा आदि शिक्षकों का विशेष सहयोग रहा।

### 30 जून तक ई-केवाईसी और रिकॉर्ड अपडेट कराना अनिवार्य

**कांकेर।** श्रम विभाग ने सभी पंजीकृत निर्माण श्रमिकों से अपील की है कि वे 30 जून तक अनिवार्य रूप से अपना ई-केवाईसी एवं रिकॉर्ड अपडेट करा लें। अभियान के तहत आधार आधारित ई-केवाईसी प्रक्रिया प्रारंभ करने से पहले श्रमिकों के पंजीयन विवरण का आधार कार्ड के अभिलेखों के अनुसार सत्यापन एवं आवश्यक संशोधन किया जाएगा। यह पूरी प्रक्रिया कॉमन सर्विस सेंटर सीएससी के माध्यम से संचालित होगी। संशोधन के लिए पंजीकृत श्रमिकों को अपने मूल आधार कार्ड के साथ निकटतम सीएससी केन्द्र में उपस्थित होना होगा। वहां वीएलई ऑपरेटर द्वारा श्रमिक की पहचान का भौतिक सत्यापन कर पोर्टल के रजिस्ट्रेशन अपडेट मॉड्यूल के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, वेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मरसा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज